डी.ए.वी.डिग्री कॉलेज, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति....

दिनांक 26 नवम्बर् 2024 को डी.ए.वी.डिग्री कॉलेज लखनऊ के पंडित भृगुदत् तिवारी ऑडिटोरिय में विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर "**भारत में धर्मनिरपेक्षता; आदर्शों और चुनौतियों में संतुलन**" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता जे. एन. पी. जी. कॉलेज के डॉ महेंद्र कुमार वैश्य रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ महेंद्र कुमार वैश्य, महाविद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार त्रिपाठी, उपप्राचार्य प्रो. संजय तिवारी, मिशन शक्ति की संयोजिका प्रो. कल्याणी दीक्षित ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प गुच्छ अर्पित करके की।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम के संयोजक डॉ राजेंद्र कुमार चौरसिया ने मुख्य वक्ता को आज के विषय पर व्याख्यान के बारे में बोलने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान की शुरुआत संविधान निर्माण के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को बताते हुए किया। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को सभा मे दोहराते हुए यह साफ किया की आप सभी को बाबा साहब के विचारों की सटीक जानकारी होनी जरूरी है वरना आप भी दूसरों के बहकावे में आकर भूल करते रहेंगे। धर्मनिरपेक्षता की मूल भावना जो संविधान मे वर्णित है, उसके बारे मे मुख्य वक्ता ने विस्तार से बात किया। उन्होंने संविधान में हुए संविधान की मूलभूत संरचना के बदलाव के नियम क्या हैं और सरकार के अधिकारों के द्वारा इसमें कितना बदलाव हो सकता है इसके बारे मे बात किया। उन्होंने धर्म निरपेक्षता के आदर्शो को बताते हुए इसके रास्ते में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए उपाय भी सुझाए।

इसके बाद संयोजक ने मुख्य वक्ता का आज के कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। इस क्रम में उन्होंने विधि विभाग के छात्र उत्कर्ष शुक्ला को विषय पर बोलने के लिए आमंत्रित किया।

अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय भाषण में महामहिम राष्ट्रपति के उद्बोधन को दोहराते हुए कहा कि संविधान के बारे में प्रत्येक नागरिक को जानना चाहिए और इसके बारे में वर्ष भर कुछ ना कुछ कार्यक्रम होते रहने चाहिए न कि एक दिवस के रूप में उसको मनाए।

अंत में संयोजक डॉ राजेंद्र चौरसिया धन्यवाद ज्ञापन के लिए विधि विभाग के प्रभारी और महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. संजय तिवारी को आमंत्रित किया। प्रो. तिवारी ने उपस्थित सभी शिक्षकों और छात्रों का आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के अंत सभा में उपस्थित सभी ने संविधान के प्रस्तावना का पाठन किया और राष्ट्रगान गाने के साथ आज के कार्य क्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षक प्रो.परशुराम शुक्ला, प्रो. शुभा यादव, डॉ आनंद प्रकाश तिवारी, डॉ गणेश प्रसाद यादव, डॉ आनंद सिंह,डॉ0 मनोज कुमार यादव, डॉ0 प्रतीक गुप्ता, डॉ0 अरविंद बहादुर सिंह, डॉ0 शिप्रा चौधरी,डॉ0 विनय कुमार, डॉ0 दुर्गेश मिश्र और शिक्षणेत्तर कर्मचारी, देवेंद्र सिंह, सिद्धार्थ उपस्थित रहे।

श्री मनमोहन

डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज, लखनऊ
विधि संकाय
द्वारा
संविधान दिवस (CONSTITUTION DAY)
के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन
विषय : भारत में धर्मनिरपेक्षताः आदर्शो एवं चुनौतियों में सन्तुलन
दिनांक : 26/11/2024
दिन : मंगलवार
समय : 01:00 बजे अपरान्ह
स्थान : पं. भृगुदत्त तिवारी ऑडिटोरियम
श्री मनमोहन तिवारी
संरक्षक / प्रबंधक
डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज, लखनऊ
डॉ. महेन्द्र कुमार वैश्य
मुख्य वक्ता
श्री जय नारायण पी.जी. कॉलेज
लखनऊ
प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी
प्राचार्य
प्रो. संजय तिवारी
उप प्राचार्य / प्रभारी
विधि संकाय
डॉ. राजेन्द्र कुमार
संयोजक

डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज, लखनऊ
विधि संकाय
द्वारा
संविधान दिवस (CONSTITUTION DAY)
श्री मनमोहन तिवारी
संरक्षक / प्रबंधक
डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज, लखनऊ
प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी
प्राचार्य
डॉ. महेन्द्र कुमार वैश्य
संयोजक

डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज, लखनऊ
विधि संकाय
द्वारा
संविधान दिवस (CONSTITUTION DAY)
के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन
विषय : भारत में धर्मनिरपेक्षता : आदर्शों एवं चुनौतियों में सन्तुलन
दिनांक : 26/11/2024
दिन : मंगलवार
समय : 01:00 बजे अपरान्ह
स्थान : पं. भृगुदत्त तिवारी आडिटोरियम
श्री मनमोहन तिवारी
संरक्षक / प्रबंधक
डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज, लखनऊ
प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी
प्राचार्य
D.A.V./AUD./T-01